# स्पोर्ट्स मीट के विजेताओं को किया पुरस्कृत

कार्यालय संवाददाता, बरेली

• रुहेलखंड विश्वविद्यालय में के तीसरे दिन हुए कई खेल



इंडोर स्टेडियम में शूटिंग प्रतियोगिता में भाग लेते कर्मचारी और शिक्षक।

अमृत विचार : रुहेलखंड विश्वविद्यालय में स्थापना दिवस उपलक्ष्य में आयोजित स्पोर्ट्स मीट के तीसरे दिन रस्साकशी, कबड्डी, वालीबाल, बैडमिंटन, टेबल टेनिस, दौड़, शूटिंग और म्यूजिकल चेयर के विजेताओं को कुलपति प्रो. केपी सिंह ने पुरस्कृत किया। उन्होंने कहा कि खेल हमें जीवन में एकजुट होना सिखाता है।

क्रीड़ा परिषद के सचिव प्रो. एसएस बेदी ने बताया कि 250 से ज्यादा खिलाड़ियों ने खेलों में भाग लिया। क्रिकेट में नान टीचिंग स्टाफ टीम प्रथम, शिक्षक द्वितीय, रस्साकसी में टीचिंग स्टाफ विजयी हुआ। कबड्डी में नान टीचिंग स्टाफ टीम ने बाजी मारी। वालीबॉल में चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी टीम प्रथम रही। बैडमिंटन महिला में टीचिंग स्टाफ प्रथम और नान टीचिंग स्टाफ द्वितीय स्थान पर रहा। बैडमिंटन पुरुष में नान टीचिंग स्टाफ प्रथम और टीचिंग स्टाफ ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। टेबल टेनिस पुरुष में नान टीचिंग स्टाफ ने प्रथम और टीचिंग स्टाफ ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। टेबल टेनिस महिला में टीचिंग स्टाफ ने प्रथम और नान टीचिंग स्टाफ ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया शूटिंग पुरुष प्रतियोगिता में डॉ. रश्मि रंजन प्रथम, तपन वर्मा द्वितीय स्थान पर रहे। शूटिंग महिला प्रतियोगिता में दीप्ति सैनी प्रथम, डा. प्रतिभा सागर द्वितीय स्थान पर रही। म्यूजिकल चेयर में डॉ. छवी शर्मा ने प्रथम, अंजू ने द्वितीय और शुभ मंजरी ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। शिक्षक वर्ग की तरफ से प्लेयर आफ द टूर्नामेंट अवार्ड से डा. अजीत सिंह और नान टीचिंग स्टाफ की तरफ से आदित्य गावर को पुरस्कृत किया गया। प्रो. एके सिंह, प्रो. संतोष अरोड़ा, प्रो. सुधीर वर्मा, प्रो. प्रेमपाल सिंह, प्रो. नलिनी श्रीवास्तव, डॉ. अजीत सिंह, प्रो. अनीता त्यागी, डॉ. नीरज कुमार आदि मौजूद रहे।

---

# खेल हमें जीवन में एकजुट होने का संदेश भी देता है : कुलपति



• रेस में प्रतिभाग करते आतू कर्मचारी.

कुलपति ने विभिन्न खेलों के विजेता खिलाड़ियों को सम्मानित किया

**250 से ज्यादा खिलाड़ियों ने पारंपरिक एवं अन्य नौ खेलों में भाग लिया**

bareilly@inext.co.in

BAREILLY (11 Feb): ...

## शूटिंग में डॉ. रश्मि फर्स्ट

---

# 100 मीटर दौड़ में संजीव अव्वल

टीचिंग और नॉन टीचिंग स्टाफ के बीच हुए मुकाबले

city sports



---

# सेमीफाइनल से आगे नहीं बढ़ सकीं बरेली की दोनों टीमें

# यूथ एथलेटिक्स चैंपियनशिप के लिए ट्रायल 14 को

---

हिन्दुस्तान www.livehindustan.com

रुहेलखंड विश्वविद्यालय के स्थापना दिवस पर हुआ आयोजन

# डॉ. अजीत व आदित्य बने प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट

**पुरस्कार वितरण**



रुहेलखंड विश्वविद्यालय में खेल प्रतियोगिताओं के विजेताओं को पुरस्कृत किया गया।

## शूटिंग में भी लिया उत्साह के साथ हिस्सा